**चंडीगढ़ और हरियाणा में 12-13 अप्रैल को MY भारत बजट क्वेस्ट 2026 का ग्रैंड फिनाले**

"नारी शक्ति: विकसित भारत की आवाज़" थीम पर महिला युवा संसद का आयोजन

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत (MY Bharat) द्वारा पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ एवं हिमाचल प्रदेश को समाहित करते हुए MY भारत बजट क्वेस्ट 2026 के भव्य समापन की घोषणा की गई है। इस दो दिवसीय फिनाले का आयोजन 12–13 अप्रैल 2026 को कन्वेंशन सेंटर, UIET, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ और चौधरी चरण सिंह हरियाणा एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, हिसार, हरियाणा में किया जाएगा।

इस संबंध में, MY भारत बजट क्वेस्ट 2026 के ग्रैंड सेलिब्रेशन की घोषणा करने के लिए शुक्रवार को हरियाणा के हिसार और चंडीगढ़ में अलग-अलग प्रेस वार्ता की गईं।

यह महत्वपूर्ण आयोजन देश के उन प्रतिभाशाली युवा मस्तिष्कों को एक मंच पर लाता है, जिन्होंने बहु-स्तरीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों को सफलतापूर्वक पार किया है। यह दो दिवसीय मंथन सत्र अकादमिक विशेषज्ञों, उद्योग जगत के नेताओं और विषय विशेषज्ञों को एक साथ लाकर केंद्रीय बजट 2026 से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श करेगा। इसमें 17 स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से देशभर के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करते हुए 15,000 से अधिक युवा भाग ले रहे हैं। यह भारत की अमृत पीढ़ी की उस भावना को दर्शाता है, जो केवल राष्ट्र की विरासत को आगे नहीं बढ़ा रही, बल्कि उसके भविष्य को सक्रिय रूप से आकार भी दे रही है।

इस पहल का शुभारंभ 2 फरवरी 2026 को केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया द्वारा किया गया था। MY भारत बजट क्वेस्ट 2026 एक परिवर्तनकारी मंच के रूप में उभरा है, जो युवा शक्ति प्रेरित बजट माने जाने वाले केंद्रीय बजट 2026 को युवाओं की आकांक्षाओं से जोड़ता है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय बजट 2026 में शामिल कई विचार विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (VBYLD 2026) से प्रेरित हैं, जो नीति-निर्माण में युवाओं की भूमिका को सशक्त बनाने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आत्मनिर्भर भारत और सहभागी शासन की परिकल्पना पर आधारित यह पहल तीन चरणों में आयोजित हुई–राष्ट्रीय क्विज़, नौ विकास विषयों पर निबंध प्रतियोगिता, और राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ अंतिम संवाद।

देशभर में इस कार्यक्रम में 12 लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया तथा 46,500 से अधिक निबंध प्राप्त हुए, जिससे यह देश के सबसे बड़े युवा नीति-संवाद अभियानों में से एक बन गया। चंडीगढ़ में चयनित प्रतिभागी मानव पूंजी: शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार में निवेश तथा महिला-नेतृत्व एवं समावेशी विकास–विकसित भारत की कुंजी जैसे विषयों पर आगे विचार-विमर्श करेंगे, जिससे युवा-नेतृत्व वाली नीति चर्चा को और सशक्त बनाया जाएगा।

दो दिवसीय कार्यक्रम को सार्थक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। 12 अप्रैल 2026 को दोपहर में महिला प्रतिभागी एक विशेष महिला युवा संसद में भाग लेंगी। 13 अप्रैल 2026 को कार्यक्रम का आरंभ उद्घाटन समारोह से होगा, जिसके पश्चात MY भारत सत्र और दो विशेषज्ञ पैनल चर्चाएँ आयोजित की जाएंगी।

नारी शक्ति की सशक्त अभिव्यक्ति के रूप में महिला युवा संसद "नारी शक्ति: विकसित भारत की आवाज़" थीम पर आयोजित की जाएगी। इसमें महिला प्रतिभागी महिला आरक्षण विधेयक पर संसदीय शैली में संरचित चर्चा करेंगी और अपने विचार एक सिम्युलेटेड विधायी प्रारूप में प्रस्तुत करेंगी। यह सत्र एक महिला सभापति द्वारा संचालित होगा और अंत में सामूहिक प्रस्ताव के अंगीकरण के साथ संपन्न होगा, जो नारी शक्ति की सामूहिक आवाज़ को प्रतिबिंबित करेगा।

सामुदायिक सहभागिता और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए 12 अप्रैल 2026 की शाम को चंडीगढ़ में भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से 'संडेज ऑन साइकिल' पहल का आयोजन किया जाएगा। यह रैली युवाओं को एकजुट कर ग्रीन विकसित भारत के लिए उनके संकल्प को दर्शाएगी और सतत विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक बनेगी।

इस आयोजन का प्रमुख क्षण 13 अप्रैल 2026 को होगा, जब पंजाब, चंडीगढ़ एवं हिमाचल प्रदेश से चयनित 714 प्रतिभागी केंद्रीय बजट के विभिन्न क्षेत्रों पर राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के टॉपर्स के साथ संवाद करेंगे। यह संवाद सहभागी शासन का एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करेगा, जहां युवा अपने विचार, आकांक्षाएँ और नीति संबंधी सुझाव शीर्ष नेतृत्व के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

MY भारत बजट क्वेस्ट 2026 का यह फिनाले युवा शक्ति की संभावनाओं का उत्सव है, जो यह दर्शाता है कि जब किसी राष्ट्र के युवाओं को ज्ञान, मंच और आवाज़ प्रदान की जाती है, तो वे असाधारण परिवर्तन ला सकते हैं। पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं चंडीगढ़ से आए प्रतिभागी अमृत पीढ़ी

की ऊर्जा, जागरूकता और दृढ़ संकल्प का प्रतीक हैं, जो भारत को विकसित भारत @2047 की दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं।

**********